WebSite.: https://24newsupdate.in

ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, सोमवार 29 अप्रैल 2024

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 1 अंक 58



# इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी नाम वापस लेकर भाजपा में शामिल

## अब 14 कैंडिडेट चुनावी मैदान में; विजयवर्गीय का सूरत-2 ऑपरेशन फेल





24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

इंदौर. इंदौर लोकसभा सीट से बतौर कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने वाले अक्षय कांति बम ने सोमवार को पर्चा वापस ले लिया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ अक्षय फॉर्म वापस लेने कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। नामांकन वापस लेने के बाद उन्होंने भाजपा भी जॉइन कर ली। बम की नाम वापसी होते ही भाजपा ने 'ऑपरेशन सूरत-2' पर काम शुरू कर दिया। प्लान था कि गुजरात की सूरत लोकसभा सीट की तरह बचे हुए उम्मीदवारों के नामांकन वापस कराकर इंदौर में निर्विरोध जीत हासिल की जाए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में दोपहर 3 बजे तक माथापच्ची चलती रही लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। 23 में से 9 ही उम्मीदवारों ने नाम वापस लिए। अब इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा के शंकर लालवानी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### विजयवर्गीय ने होटल में की पूरी प्लानिंग

मंत्री विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, 'इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का भाजपा में स्वागत है।' सूत्रों के अनुसार, मंत्री विजयवर्गीय ने हाईकमान को भरोसे में लेकर एक होटल में इसकी प्लानिंग की। अक्षय ने नाम वापसी पर अनहोनी की आशंका जताई। कहा- कांग्रेसी बवाल कर देंगे। इसके बाद प्लान में भाजपा विधायक रमेश मेंदोला की भी एंट्री कराई गई। अक्षय को फॉर्म वापस लेने भी मेंदोला के साथ भेजा, विजयवर्गीय खुद बाहर डटे रहे। फिलहाल, अक्षय कांति बम के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इस घटनाक्रम की वजह से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कार्यक्रम में भी बदलाव हुआ है। झारखंड में चुनाव प्रचार के बाद मुख्यमंत्री भोपाल आने वाले थे। अब वे सीधे इंदौर पहुंचेंगे। वहां से भोपाल आएंगे।

पटवारी बोले- अक्षय को धमकाया गया कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा, 'अक्षय कांति बम पर तीन दिन पहले एक पुराने मामले में 307 की धारा बढ़वाई गई। डराया गया। धमकाया गया। रातभर यातना दी गई। अलग-अलग प्रकार की। आज उसको साथ ले जाकर फॉर्म वापस निकलवा लिया गया।' ग्वालियर में रविवार को पटवारी ने कहा, 'इंदौरवासियों, ये मैसेज है कि आपको वोट के अधिकार का इस्तेमाल नहीं करना है। मैं प्रार्थना करता हूं कि आपको अगर लोकतंत्र में विश्वास है तो इस तानाशाही के खिलाफ खड़ा होना पड़ेगा।' पीसीसी चीफ ने ये बात ग्वालियर लोकसभा क्षेत्र में आने वाले करैरा कस्बे में कांग्रेस प्रत्याशी प्रवीण पाठक के समर्थन में ली जनसभा में कही।

### कलेक्टर कार्यालय में भाजपा-कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

इंदौर लोकसभा सीट पर नाम वापसी को लेकर कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई। कलेक्टर कार्यालय में मौजूद दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं ने आपस में धक्कामुक्की की। दरअसल, इस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए अक्षय कांति बम के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा निर्विरोध निर्वाचन कराने की कोशिश में थी। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता भी कलेक्ट्रेट स्थित जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचे।

कांग्रेस नेताओं ने आशंका जताई कि अधिकारी भाजपा के दबाव में हैं। वे गड़बड़ी कर सकते हैं। कांग्रेस को खजुराहो सीट की तरह नामांकन निरस्त होने का डर इंदौर में भी था लेकिन उसने यह नहीं सोचा था कि सूरत की तरह नाम वापसी ही हो जाएगी। यही कारण है कि कांग्रेस ने मोती सिंह पटेल का डमी फॉर्म भरवाया। अक्षय कांति बम के अधिकृत प्रत्याशी बनने के बाद मोती सिंह का फॉर्म स्क्रूटनी में रिजेक्ट हो गया था।

### कांग्रेस के पास खजुराहो की तरह समर्थन देने का ऑप्शन

कांग्रेस के पास खजुराहो सीट की तरह निर्दलीय या छोटे दल के प्रत्याशी का समर्थन का ऑप्शन है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी सक्रिय हो गए हैं। बता दें कि खजुराहो लोकसभा सीट पर I.N.D.I. गठबंधन के उम्मीदवार का नामांकन रिजेक्ट हो गया था। तब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के उम्मीदवार आरबी प्रजापति को समर्थन दे दिया। अब वे ही भाजपा प्रत्याशी VD शर्मा के सामने I.N.D.I. गठबंधन का चेहरा हैं। कांग्रेस इंदौर में बचे हुए 13 उम्मीदवारों में ऐसा ही चेहरा तलाशने में जुट गई है।



# जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच आया:प्रदेश में पिछले 36 घंटे से बारिश जारी; अगले 8 घंटे बरसात के साथ बर्फबारी का अलर्ट

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग के सरबल इलाके में एवलांच आया है। माछिल में भारी बर्फबारी के चलते बीते 24 घंटे में बर्फ की 12 से 15 इंच मोटी परत जम गई है। अगले 8 घंटे में कई जगहों पर भारी बारिश और ओले गिरने और ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की आशंका है।

कश्मीर में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश-बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी की स्थिति बनी रहेगी। श्रीनगर प्रशासन ने लोगों को झेलम नदी और डल झील समेत अन्य



नदी-नालों से से दूर रहने की सलाह दी है। वहीं, रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद हो गया है। इससे पहले 26 अप्रैल को भी रामबन-गूल रोड पर लैंड स्लाइड हुआ था। इसके चलते करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंस गई और रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। इधर, देश में तेज गर्मी का असर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में 3 दिन बाद सीवियर हीटवेव चलेगी।

हीटवेव के अलर्ट वाले राज्यों में तापमान 42 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी टेम्परेचर 42* रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि, इन तीन राज्यों में हीटवेव की स्थिति नहीं है।

# बिहार में अमित शाह का हेलिकॉप्टर हवा में लहराया

## उड़ान भरने के तुरंत बाद 2 फीट नीचे आया, पायलट ने संभाला



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, ब्यूरो। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का हेलिकॉप्टर सोमवार को बेगूसराय के जीडी कॉलेज से उड़ान भरते समय तेज हवा के दबाव में लहरा गया। हेलिकॉप्टर को पश्चिम दिशा की ओर उड़ान भरकर पटना जाना था, लेकिन हेलिकॉप्टर जैसे ही ऊपर उठ गया। पश्चिम के बदले पूर्व दिशा की ओर जाकर लड़खड़ा गया। पायलट की सतर्कता से हादसा होने से बच गया। इसके बाद ऊपर उड़ने के बदले करीब दो फीट नीचे आया। लेकिन पायलट ने संभाल लिया। इसके बाद पश्चिम दिशा की ओर सीधी उड़ान ली जा सकी। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोमवार को बेगूसराय और झंझारपुर में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। शाह करीब 3 घंटे बिहार में रहे। बेगूसराय में शाह ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि बिहार से जब से चारा चुराने वालों की सरकार गई है, विकास हो रहा है। शाह ने कहा कि इन लोगों की सरकार बन गई तो शरिया कानून लागू कर देंगे। इसके पहले मधुबनी के झंझारपुर की सभा में उन्होंने जनता से पूछा कि आप लोग बताइए लालू, राहुल, ममता प्रधानमंत्री बनने लायक हैं। अगर गलती से आप लोगों ने इनकी सरकार बना दी तो ये एक-एक साल के पीएम रहेंगे। यही इनके बीच डील हुई है। शाह ने कहा कि लालू जी ने चारा, शिक्षा, रेलवे भूमि में भी घोटाला किया। लालू का एक मात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनना है। सोनिया गांधी का एक मात्र लक्ष्य अपने बेटे को पीएम बनाना है। इन लोगों के पास ना नेता है, ना विजन। जनता की भलाई सिर्फ नरेन्द्र मोदी कर सकते हैं।

# अमित शाह एडिटेड वीडियो केस

### तेलंगाना CM को समनःदिल्ली पुलिस ने रेवंत रेड्डी को 1 मई को बुलाया, अपना मोबाइल साथ लाने को कहा

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com



नई दिल्ली. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो को लेकर दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना CM रेवंत रेड्डी को समन जारी किया है। दिल्ली पुलिस रेवंत से 1 मई को पूछताछ करेगी। दिल्ली पुलिस ने रविवार (28 अप्रैल) को इस मामले में FIR दर्ज की थी। वायरल वीडियो में शाह SC-ST और OBC के आरक्षण को खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। हालांकि न्यूज एजेंसी PTI के फैक्ट चेक में ये वीडियो फेक साबित हुआ है। इस एडिटेड वीडियो को वायरल करने को लेकर एक शिकायत भाजपा ने और दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय ने की थी। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने देशभर में FIR दर्ज कराने का फैसला किया है। उधर, सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर बताया कि इस मामले में असम से रीतोम सिंह को अरेस्ट किया गया है। क्यों भेजा तेलंगाना सीएम को नोटिस दिल्ली पुलिस की ओर से जारी किए गए नोटिस में तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को अपना फोन भी लाने को कहा गया है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक रेड्डी के फोन की भी जांच की जाएगी। दरअसल, रेवंत ने भी अपने एक्स अकाउंट से अमित शाह के फेक वीडियो को शेयर किया था। तेलंगाना कांग्रेस के आधिकारिक अकाउंट समेत पार्टी के कई नेताओं ने इस वीडियो को शेयर किया था। हालांकि, इनके सोशल मीडिया अकाउंट्स से यह पोस्ट अब हटा ली गई है।

## आग का गोला बनी इलेक्ट्रिक स्कूटी, बड़ा हादसा टला

बाड़मेर. शहर में सोमवार को एक चलती इलेक्ट्रिक स्कूटी में अचानक आग लग गई. स्कूटी सवार ने भाग कर अपनी जान बचाई. बताया जा रहा है कि शार्ट सर्किट के बाद ब्लास्ट हो गया. दमकल ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया. गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई. हालांकि, स्कूटी पूरी तरह से जलकर राख हो गई ।

## UGC NET 2024 एग्जाम की तारीख बदली, अब 16 नहीं 18 जून को होगी परीक्षा

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्लीः यूजीसी-नेट की परीक्षा तिथि में बदलाव किया गया है. जानकारी के मुताबिक अब 18 जून को यूजीसी-नेट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. खबर के मुताबिक, UPSC Prelims के साथ टकराव से बचने के लिए यूजीसी-नेट परीक्षा में ये बदलाव किया गया है. अब 18 जून को यूजीसी-नेट की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा. यूजीसी प्रमुख जगदेश कुमार ने इस बात की जानकारी देते हुए परीक्षा की तारीख का ऐलान किया है. जानकारी के मुताबिक, उम्मीदवारों से फीडबैक मिलने के बाद यह फैसला लिया गया है. एनटीए एक ही दिन में पूरे भारत में ओएमआर मोड में यूजीसी-नेट आयोजित करेगा

## सम्पादकीय - आतंक की घाटी




जिस समय जम्मू-कश्मीर में लोकसभा के लिए मतदान हो रहा था, उसी दौरान बारामूला में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही थी। उसमें सुरक्षाबलों ने दी आतंकियों को मार गिराया, हालांकि दो सैनिक भी जख्मी हो गए। यह मुठभेड़ दो दिनों तक चली। सुरक्षाबलों को उस इलाके में आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। गनीमत है कि चुनाव के दौरान किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने से पहले आतंकियों को मार गिराया गया। बारामूला नियंत्रण रेखा पर स्थित जिला है। वहां सीमा पार से घुसपैठ कर आतंकियों के आने में पाकिस्तानी सेना का भी सहयोग मिलता है। अनेक मौकों पर देखा गया है कि घुसपैठ कर आए आतंकियों की भारतीय सुरक्षा चलों के साथ मुठभेड़ होती है, तो उधर से पाकिस्तानी सेना भी गोलीबारी शुरू कर देती है, ताकि उन्हें लक्षित स्थान तक पहुंचाया या फिर वापस लौटने में मदद की जा सके। मगर भारतीय सेना पाकिस्तानी सेना और आतंकियों की ऐसी रणनीतियों से वाकिफ है और उन पर लगातार नजर बनाए रखती है। इस समय भारत में लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं, जाहिर है वे आतंकी इसमें खलल डालने के इरादे से ही इधर आए थे। भारतीय सेना की सक्रियता और तत्परता का ही नतीजा है कि सीमा पार से प्रशिक्षण पाए आतंकियों की घुसपैठ में काफी कमी आई है। यह भी उल्लेखनीय है कि चुनाव के इस माहौल में घाटी में आतंकी घटनाएं नहीं होने पाई हैं। जबसे जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त हुआ है, अलगाववादी ताकतें स्थानीय लोगों की भड़काने और वहां उग्रवाद को तेज करने का प्रयास करती रही हैं। पाकिस्तान लगातार इसे जम्मू-कश्मीर की संप्रभुता पर हमला करार देता रहा है। मगर अब वह पहले की तरह स्थानीय लोगों को भड़काने और बरगलाने में कामयाब नहीं हो पा रहा है। लगातार तलाशी अभियान और सीमा पर कड़ी नजर रखी जाने से घुसपैठ कराने की उसकी योजनाएं सफल नहीं हो पाती। पहले वह सड़क मार्ग से तिजारती सामान में हथियार वगैरह छिपा कर इस तरफ पहुंचाने में कामयाब हो जाता था, मगर जबसे तिजारत के रास्ते बंद हैं, वह ऐसा नहीं कर पाता। पंजाब के कुछ इलाकों में ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और पैसे गिराने की कोशिश करता है, पर वहां भी अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली स्थापित हो जाने से उसे मुंह की खानी पड़ रही है। हालांकि सरकार का दावा है कि घाटी में आतंकी गतिविधियों पर काफी हद तक नकेल कसी जा चुकी है, पर अब भी स्थानीय लोगों में भरोसा पैदा होने का दावा करना मुश्किल है। घाटी में पाकिस्तान की तरफ से आतंकवाद को मिल रहे समर्थन पर जरूर अंकुश लगा नजर आ रहा है, मगर स्थानीय युवाओं को दहशतगर्दी के रास्ते से अलग कर मुख्यधारा में शामिल करना अब भी चुनौती है। पिछले कुछ महीनों में शैक्षणिक संस्थानों में आतंकी तैयार करने वालों की पहचान होने, बाहरी लोगों को निशाना बना कर मारने और कई मौकों पर सुरक्षाबलों के काफिले पर हमला करने की घटनाओं से जाहिर है कि घाटी में आतंक की जड़े अभी बनी हुई हैं और मौका पाकर कल्ले फोड़नी शुरू कर देती हैं। ऐसे प्रमाण भी मिले हैं कि स्थानीय युवाओं में हथियार उठाने की दर बढ़ी है। इसलिए ऐसी रणनीति पर गंभीरता से काम करने की चरकार महसूस की जाती है कि जिससे स्थानीय लोगों में शासन पर भरोसा कायम किया जा सके।

## जंगल में आग

किसी हादसे का सबसे बड़ा सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में वैसे हालात से बचा जा सके। हैरानी की बात है कि उत्तराखंड के जंगलों में हर वर्ष आग लगने और उससे व्यापक नुकसान होने की घटनाओं के बावजूद इस ओर ध्यान देने की जरूरत नहीं समझी जाती। इस बार फिर नैनीताल और उसके आसपास के जंगलों में आग लगी और फैल कर खतरनाक शक्ल ले चुकी है। बीते दो-तीन दिनों में कुमाऊं के जंगलों में पच्चीस से ज्यादा जगहों पर आग लग गई। वनाग्नि की इन घटनाओं में जहां करीब चौंतीस हेक्टेयर क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान पहुंचा है, वहीं नैनीताल और आसपास के इलाकों में पर्यटन कारोबार पर भी इसका विपरीत असर पड़ा है। आग बुझाने के लिए भीमताल के पानी का उपयोग किया जा रहा है, जिससे उस झील में पर्यटन गतिविधियां ठप पड़ गई हैं। इससे इलाके की अर्थव्यवस्था पर काफी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है। ऐसा नहीं कि उत्तराखंड के जंगलों में आग लगने की यह कोई पहली या नई घटना है। हर वर्ष गर्मी में कई जगहों पर आग लगने की वजह से आसपास का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। इस बार तापमान में बढ़ोतरी के साथ अभी ही राज्य में पांच सौ से ज्यादा आग लगने के मामले सामने आ चुके हैं। विडंबना है कि प्रत्यक्ष आशंका और खतरा होने के बावजूद गर्मी की शुरुआत के पहले सरकार की ओर से आग लगने के लिहाज से संवेदनशील जगहों पर बचाव और आग को फैलने से रोकने के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा सके। जंगल में कुछ ऐसे खाली क्षेत्र तैयार किए जा सकते हैं, जहां जलाशय बनाए जा सकते हैं कि अगर किसी क्षेत्र में आग लगे, तो उसे फैलने से रोका जा सके और बुझाने में मदद मिले। इस पर भी ध्यान देने की जरूरत है कि क्या आग लगने की घटनाओं में कुछ अराजक तत्त्वों का हाथ है। मगर आम हो चुकी वनाग्नि की घटनाओं के बावजूद सरकार को इस ओर ध्यान देना शायद जरूरी नहीं लगता। नतीजतन, हर वर्ष राज्य में जंगलों का बड़ा हिस्सा वनाग्नि से तबाह होता है।

# 5 दिन बाद भी पुलिस नहीं लगा पाई सुराणा के हमलावरों का सुराग, मार्बल व्यवसाइयों ने कलेक्टर के सामने खोले मामले के कच्चे-चिट्ठे

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. उदयपुर। जानलेवा पांच दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ क्यों हैं, क्या पुलिस के पास मामले में कोई क्लू नहीं है या फिर जान बूझकर ढिलाई की जा रही है। अपराधियों के नामजद होने के बाद भी कहीं कोई ऐसा दबाव तो नहीं जो पुलिस के हाथ बांध रहा है या मामले में ढील देने पर मजबूर कर रहा है। सीसीटीवी फुटेज कहां हैं व क्या कहानी कह रहे हैं। दो साल से मामला चल रहा है, कई स्तरों पर आरटीआई भी लगी है, इस बीच तीन बार हमले हो गए। क्या उंगलियां प्रशासन की तरफ भी उठ रही हैं? हमला करने वालों ने पांच दिन पहले चुनाव वाला समय ही क्यों चुना? अब तक व्यवसायी को पुख्ता सुरक्षा क्यों नहीं दी गई? उनका हथियार का लाइसेंस कब मिलेगा? एफआईआर में किनके नाम लिखे गए, किनके लिए किनके डर से इनकार हो गया? क्या यह लेकसिटी में पॉलिटिक्स, जमीन माफिया और एडमिनिस्ट्रेटिव फेल्योर का क्लासिक एग्जाम्पल है? कानून की दहलीज पर सजा पाने की आहट से किसके कदम डर से लड़खड़ा रहे हैं...। ये वो सवाल है जो आज जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने आए लोगों की चर्चा में शामिल थे। मामला मार्बल प्रोससर्स समिति के अध्यक्ष कपिल सुराणा पर हुए जानलेवा हमले का हैं। आज बडी संख्या में मार्बल व्यवसाइयों ने कलेक्टर को ना सिर्फ ज्ञापन दिया बल्कि पूरे मामले की हिस्ट्री, बेकग्राउंड और तथ्यों से अवगत भी करवाया। एक्स प्रेसिडेंट विजय गोधा ने कहा कि मार्बल इंडस्ट्री के सभी लोग कलेक्टर साहब के



चेम्बर में गए और हमने वेदना बताई। डीटेल में कपिल सुराणा के पिता ने महेंद्र सुराणा एक-एक कागज कलेक्टर अरविंद पोसवाल को बताए। हर डिपार्टमेंट ने देलवाडा में उनकी जमीन पर हुए अवैध काम को रोकने का आदेश दिया है। उसके बाद भी वे मसल पावर वाले लोग लोग काम से रोक रहे हैं। पहले आईजी साहब से भी मिलकर गुहार लगा चुके हैं। हमलवरों में से कुछ की पहचान हो चुकी है कुछ अपराधियों के नाम एफआईआर में लिखवाए हैं। प्रशासन उन पर तुरंत कार्रवाई करें। हमको आए दिन धमकाया जा रहा है। कपिल की गाडी से तीन लाख रूपए भी बदमाश ले गए। प्रशासन से रिक्वेस्ट है कि जल्द से जल्द कार्रवाई कर अवैध कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देने आए व्यवसाइयों ने भी आरोपियों को पकड़ कर मार्बल जगत को हर तरह से भयमुक्त करने की मांग की।



इस मामले में आरोप यह भी है कि व्यक्तिगत विवाद को बहुत ही सफाई के साथ दो जिलों के विवाद में कन्वर्ट किया गया और फिर ऐसी प्रशासनिक बिसात बिछाई गई, ऐसी नियुक्तियां हुई कि मामला लंबा खिंचता चला जाए। इस बीच हर अपने पक्ष में विवाद के निपटरे के हर मुमकिन प्रयास हुए मगर सफलता नहीं मिली। सरकार बदलने के बाद राजनीतक ढांचा तो बदल गया है मगर निचले स्तर पर जमे हुए लोग अब भी एक खास तरह के सिस्टम को सपोर्ट कर रहे हैं। सुराणा पर हुआ हमला जानलेवा था व यदि सुराणा समय रहते अपना बचाव नहीं करते तो अनहोनी हो सकती थी लेकिन इतने गंभीर मामले में भी पांच दिन बाद तक कोई क्लू सामने नहीं आना चिंता का विषय बनता जा रहा है। हमले में धारा 307 भी लगाए जाने को लेकर चर्चा हो रही है।

# पिछोला में ट्रायल टेस्ट में पास हुई इलेक्ट्रिक बोट, आरटीओ अप्रूवल मिलते ही बदलेगी फिजां

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com



रिपोर्ट-अमानत अली

पिछोला झील में अगले 15 दिन में इलेक्ट्रिक बोट चलने वाली है। ठेकेदार कंपनी की बोट ने ट्रायल टेस्ट पास कर लिया है। फिलहाल दो बोट का टेस्ट हुआ है जिसमें निगम की ओर से ओके करते हुए हरी झंडी दे दी गई है। अब आरटीओ अप्रूवल मिलते ही झील में 15 ऐसी नावें दौड़ना शुरू हो जाएंगी। सभी नावें बेटरी से चलेंगी और इसमें 20 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। इनमें पांच बैटरी लगाई जाएगी। आपको बता दें कि दूधतलाई के पास से पिछोला झील में फिलहाल 50 से ज्यादा नावों का संचालन हो रहा है। यह सभी पेट्रोल से चलने वाली हैं। झील प्रेमियों ने कई बार यह बात उठाई कि इसी झील से शहर में जलापूर्ति होती है। ऐसे में इस पानी को प्रदूषित होने से बचाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। नगर निगम की गैरेज समिति के अध्यक्ष मनोहर चौधरी ने बताया कि झील को प्रदूषण से बचाने के लिए नगर निगम ने इलेक्ट्रिक बोट के लिए प्रयास शुरू किया और अब तीन नाव आ चुकी है। 13 नाव और तैयार होकर आएगी।चौधरी ने बताया कि रविवार को मुंबई में नाव तैयार करने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों ने ट्रायल किया। धीरे-धीरे ऐसी नावें आती जाएंगी व पेट्रोल डीजल की नावें बाहर आती जाएंगी।

# पुलिस थाना सविना का एक और कमाल, साईबर अपराधियों से वापस दिलाए 2 लाख 12 हजार रूपये

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। सविना पुलिस ने साइबर ठगी के शिकार हुए लोगों को 201222.25 रूपये रिकवर करा पीडितो को दिलाये हैं। थाने पर ऑनलाईन साईबर ठगी की रिपोर्ट मिलने पर सम्बन्धित कम्पनियो तथा बैंकों को तत्काल पत्राचार कर ठगो के खाते फीज करवाये गए व आवश्यक कार्यवाही करते हुये पीडित व्यक्ति के पैसे रिकवर करवाये गए। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर यागेश गोयल की ओर से साईबर अपराधो पर रोकथाम तथा ऑनलाईन ठगी के विरूद्ध कार्यवाही व रोकथाम हेतू अभियान के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उदयपुर उमेश ओझा के निर्देशानुसार पुलिस उप अधीक्षक वृत नगर पूर्व जिला उदयपुर छगन पुरोहित के सुपरविजन मे फूलचन्द टेलर थानाधिकारी थाना सविना के नेतृत्व में पुलिस टीम कानि सुशील कुमार जानू 788 व कानि मुकेश कुमार 847 गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

# मां-बाप नहीं रहे, गरीबी के बोझ तले 13 वर्षीय बहन कर रही चार भाई बहनों का भरण पोषण

**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

ये कहानी गरीबी, मजबूरी और मायूसी के बीच वक्त के सितम की है। ये कहानी अपनों के बिछड़ जाने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूटने की हैं। ये कहानी जिंदगी के घोर अंधेरों में उम्मीद की किरण बनकर आए शिक्षकों की है। मदद को आगे आए उन लोगों की है जिनके दम पर इंसानियत जिंदा है। यहां बात हो रही है सलूंबर जिले के जयसमंद पंचायत समिति की गामड़ी ग्राम पंचायत के इस गरीब परिवार की। यहां के परतावत फला में बीते डेढ़ साल में इन बच्चों के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। माता पिता की बीमारी से मौत हो गई। उसके बाद पांच छोटे-छोटे मासूम बच्चे बेसहारा हो गए। माता पिता की मौत के बाद पांचों भाई बहिन केलुपोश मकान में रहकर अपनी जिंदगी गुजार रहे हैं। आपको बता दें कि गामड़ी परतावत फला निवासी पांचा मीणा की पत्नी पदु मीणा की करीब डेढ़ वर्ष पहले बीमारी के चलते मौत हो गई। उसके बाद बच्चों के पिता पांचा मीणा भी चल बसे। माता पिता की मौत के बाद पुत्री रंजना, ललिता, पुत्र संतोष, पुत्री मनीषा और पुत्र पवन मीणा बेसहारा हो गए। माता पिता की मौत के बाद गरीबी के चलते दोनों बड़ी बहनों रंजना और ललिता को पढ़ाई से नाता तोड़ने को मजबूर होना पड़ा। मनीषा और पवन का भी विद्यालय में प्रवेश नहीं हो सका। ये बच्चे अपने माता-पिता के जीवनकाल में भी लगातार गरीबी से जूझ रहे थे। पांचों के पिता के बड़े भाई नुर्जन मीणा की भी माली हालात खराब है व उसके भी संतानें अधिक होने से वे इन बच्चों की परवरिश का खर्चा उठाने सक्षम नहीं है। फिलहाल पांचों भाई बहिन के भोजन के लिए सरपंच प्रतिनिधि कालूलाल मीणा ने अपने स्तर पर राशन सामग्री भेजी। कई



बार घर में चूल्हा नहीं जल पाता तो पांचों भाई बहिन भोजन अपने बड़े पापा के यहां करने को मजबूर हैं। इस बीच लगातार अनुपस्थित रहने पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गामड़ी की शिक्षिका करिश्मा मीणा संतोष के घर गई। बच्चों ने अपनी दास्तान सुनाई तो उनका मन द्रवित हो गया। स्कूल के शिक्षकों ने अपने स्तर पर संतोष के लिए बैग, कॉपी, स्कूल ड्रेस की सिलाई की व्यवस्था की। संतोष को फिर स्कूल से जोड़ा। 13 वर्षीय रंजना मीणा अब अपने चारों भाई बहिनों की जिम्मेदारी उठाने में सक्षम नहीं है। इन्हें मदद की दरकार है। सरपंच भूरी मीणा का कहना है कि पांचों भाई बहिनों के आधार कार्ड बनवाने का जिम्मा उन्होंने उठाया हैं इसके अलावा इनके माता-पिता मृत्यू प्रमाण पत्र जारी करवाए हैं। इन बच्चों का भविष्य क्या होगा, हम नहीं जानते मगर मदद के लिए आगे आकर इनका वर्तमान सुधारने में मदद जरूरी कर सकते हैं।


# कटा हुआ पैर लेकर हॉस्पिटल पहुंचा मरीजः ट्रेन से गिरा था, रात भर तड़पता रहा; डॉक्टर बोले- देर हुई, जुड़ नहीं सकता



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

पाली.28 साल का एक युवक काम-काज के लिए पाली से अहमदाबाद जा रहा था। भीड़ ज्यादा होने से ट्रेन के गेट पर बैठ गया। रात को झपकी आने से उसका बैलेंस बिगड़ा और वह चलती ट्रेन से गिर गया। हादसे में उसका एक पैर घुटने के पास से कट गया। अंधेरा होने के कारण किसी की नजर उस पर नहीं पड़ी। रात भर वह दर्द से तड़पता रहा। सोमवार सुबह लोगों की नजर पड़ी तो उसे पाली के बांगड़ हॉस्पिटल पहुंचाया। युवक का इलाज जारी है। पाली शहर के नया गांव इलाके की बंजारा बस्ती में रहने वाला महावीर (28) पुत्र खीमाराम बंजारा रविवार शाम पाली जंक्शन से अहमदाबाद के लिए ट्रेन में सवार हुआ था। पाली से लगभग 140 किलोमीटर चलने के बाद पिंडवाड़ा में हादसा हो गया। घायल महावीर ने बांगड़ हॉस्पिटल में बताया- मैं गुजरात में एक हलवाई के पास हैल्पर का काम करता हूं। पाली में ट्रेन में चढ़ा तो भीड़ ज्यादा थी। मैं ट्रेन में डिब्बे के गेट पर बैठ गया। देर रात करीब 2 बजे नींद आ गई। नींद में मेरा संतुलन बिगड़ा और मैं चलती ट्रेन से गिर गया। मेरा बायां पैर आधा कट गया। मैं बेहोश हो गया। रात भर रेलवे ट्रैक के पास जंगल एरिया में घायल हालत में पड़ा रहा। तड़पता रहा। सोमवार किसी राहगीर की नजर मुझ पर पड़ी। वहां जुटे लोगों ने पिंडवाड़ा पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मुझे पिंड्वाड़ा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। मेरा कटा हुआ पैर भी थैले में रखकर मेरे साथ भिजवाया गया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद मुझे पाली रेफर किया गया। फिलहाल महावीर पाली के बांगड़ हॉस्पिटल में भर्ती है। वहां उसका इलाज जारी है।

# गुजरात जा रहे मजदूरों की कार पलटीःतीन कार में सवार थे मजदूर, जनहानि टली



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

बांसवाड़ा. जिले के आनंदपुरी थाना क्षेत्र के छाजा गांव में मुख्य सड़क पर एक हादसा हुआ। इसमें गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। दरअसल रविवार देर रात को कार पलट गई और गड्ढे में जा गिरी।ट्रेक्टर की मदद से कार को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे कुछ लोगों से बात करने और कार में सवार लोगों से बात करने पर पता चला कि अर्थूना, रैयाना सहित कुछ अन्य गांवों के लोग तीन कार में सवार थे। ये सभी गुजरात के अहमदाबाद जा रहे थे। जहां वो मजदुरी करते हैं। सभी लोग मतदान के लिए घर लौटे थे। वापस रविवार रात को लौट रहे थे। इसमें दो कार तो आगे निकल गई वहीं तीसरी कार सड़क किनारे उतर कर गड्ढे में जा गिरी। क्योंकि स्पीड अधिक होने के कार कंट्रोल नहीं हो सकी। वो सीधे 10 फीट नीचे गड्ढे में जा गिरी। हालांकि किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। पास से गुजर रहे लोगों ने सूचना पुलिस और स्थानीय ग्रामीणों को दी। तब कार में फसे लोगों को बाहर निकाला और ट्रेक्टर की मदद से कार को बाहर निकाला गया। बाद में सभी वापस घर लौट आए।




# कर्नाटक सेक्स स्कैंडल केस, सैकड़ों वीडियो मिलेःपूर्व PM देवगौड़ा के पोते प्रज्वल पर FIR; पिता बोले- वीडियो 4-5 साल पुराने



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

बेंगलुरु। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का कुनबा सेक्स स्कैंडल के आरोपों में घिर गया है। देवगौड़ा के विधायक बेटे एचडी रेवन्ना (67) और सांसद पोते प्रज्वल रेवन्ना (33) के खिलाफ उनकी मेड (घरेलू सहायिका) ने यौन शोषण की FIR दर्ज कराई है। केस हासन के होलेनरासीपुर थाने में दर्ज कराया गया। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रज्वल के करीब 200 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो वायरल हुए हैं। दावा किया गया है कि वायरल वीडियो में दिख रहीं महिलाएं खुद को छोड़ने की गुहार लगाती हुई रो रही हैं और प्रज्वल वीडियो शूट कर रहे हैं। कर्नाटक महिला आयोग की चेयरपर्सन नागलक्ष्मी चौधरी ने इसे राज्य का सबसे बड़ा सेक्स स्कैंडल बताया है। इस बीच, कर्नाटक के CM सिद्धारमैया की तरफ से गठित SIT ने जांच शुरू कर दी है। इसका नेतृत्व ADGP वीके सिंह कर रहे हैं। DG CID सुमन डी पेन्नेकर और IPS सीमा लाटकर भी SIT में शामिल हैं।

## प्रज्वल के पिता बोले- जो वीडियो रिलीज हुए, वे 4-5 साल पुराने हैं

प्रज्वल के पिता एचडी रेवन्ना ने कहा कि मैं नहीं जानता ये कैसा षड्यंत्र रचाया गया है। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो आसानी से डर कर भाग जाऊं। उन्होंने जो वीडियो रिलीज किए हैं, वे 4-5 साल पुराने हैं। प्रज्वल को पार्टी से निकालने का फैसला पार्टी हाई कमान लेगा। रेवन्ना ने कहा कि राज्य सरकार को इस केस की जांच करने दीजिए। प्रज्वल वैसे भी विदेश जाने वाला था। पिछले 40 साल में कांग्रेस की सरकार में हमने कई जांच का सामना किया है। मैंने अब तक देवगौड़ा से इस बारे में बात नहीं की है। सारी कार्रवाई कानून के मुताबिक होगी।

## कुमारस्वामी बोले- चुनाव के समय पुराने मुद्दे क्यों उठाए जा रहे हैं?

मामले को लेकर देवगौड़ा के बेटे पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी ने कहा- अगर किसी भी गलत काम में कोई शामिल है, तो उसे कानून के तहत सजा भुगतनी होगी। हालांकि, गौर करने वाली बात है कि इस वीडियो को अभी क्यों जारी किया गया है। इसे पहले क्यों नहीं जारी किया गया था। चुनाव के समय ही पुराने मुद्दे क्यों उठाए जा रहे हैं। इस वीडियो का लोकसभा चुनाव के रिजल्ट पर फर्क नहीं पड़ेगा। मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं कि पूरे परिवार का नाम इसमें क्यों उछाला जा रहा है। इस मुद्दे पर कुमारस्वामी और देवगौड़ा का नाम नहीं आना चाहिए। प्रज्वल के देश छोड़ने के सवाल पर कुमारस्वामी ने कहा- क्या वे हर रोज जहां जाते थे, मुझे बताकर जाते थे? इस पर सरकार को जांच करने दीजिए। हम लोग साथ में नहीं रहते। अगर मुझे पहले पता होता तो मैं उसे रोकने की कोशिश करता।


## कर्नाटक सरकार के मंत्री बोले- प्रज्वल के देश छोड़ने में भाजपा ने मदद की

कांग्रेस नेता और राज्य सरकार में मंत्री प्रियंक खड़गे ने कहा- अगर प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर भाग गए हैं तो उनकी मदद भाजपा ने की है। भाजपा-JDS को प्रज्वल के बारे में पता था। प्रियंक ने कहा कि भाजपा के कई नेताओं को रेवन्ना के यौन शोषण के मामले के बारे में लेटर मिले थे। इसके बावजूद उन्हें लोकसभा चुनाव का टिकट दिया गया। हुबली मर्डर केस के बारे में ये बहुत आक्रामक थे। अब इस मुद्दे पर इन्होंने चुप्पी क्यों साध ली है। ये लोग हर सिटी हर गांव में अब प्रोटेस्ट क्यों नहीं कर रहे।

## प्रज्वल के डर से हम स्टोर में छिप जाते थे- पीड़िता

रेवन्ना और प्रज्वल के खिलाफ FIR करवाने वाली महिला ने कहा कि वह रेवन्ना की पत्नी भवानी की रिश्तेदार है। उसका आरोप है कि मेड की नौकरी करने के चार महीने में ही रेवन्ना ने मुझे परेशान करना शुरू कर दिया। पत्नी जब भी बाहर होतीं, रेवन्ना किसी न किसी बहाने मुझे कमरे में बुलाते और गलत तरीके से छूते। वहीं, प्रज्वल का ऐसा खौफ था कि उनके आते ही हम स्टोर में छिप जाते थे।

# BJP नेता ने किया 2976 अश्लील वीडियो वाली पेन ड्राइव मिलने का बड़ा दावा, प्रज्वल रेवन्ना मामले में महिला आयोग भी सख्त



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट ब्यूरो। कर्नाटक सेक्स स्कैंडल में आज बीजेपी नेता ने एक बड़ा खुलासा किया है। बीजेपी नेता ने दावा किया है कि उन्हें अश्लील वीडियो में भरी एक पेन ड्राइव पहले मिली थी, जिसके बारे में प्रदेश अध्यक्ष को सूचित किया गया था। इस पूरे विवाद में पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते और सांसद प्रज्वल रेवन्ना का नाम सामने आ रहा है, जिसने कर्नाटक की सियासत में खलबली मचा दी है। जानकारी के मुताबिक साल 2024 में होलनरसीपुरा में बीजेपी के उम्मीदवार रहे देवराज गौड़ा ने प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र को पत्र लिखा था। मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि जेडीएस के एनडीए उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना समेत एचडी देवगौड़ा परिवार के कई नेताओं पर गंभीर आरोप लगे हैं। बीजेपी नेता देवराज का कहना था कि पेनड्राइव में कुल 2976 वीडियो हैं और इनमें से नजर आ रहीं कुछ महिलाएं सरकारी अधिकारी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि इन वीडियोज का इस्तेमाल यौन गतिविधियों को जारी रखने और ब्लैकमेलिंग के लिए किया जाता है। रिपोर्ट में बीजेपी नेता ने दावा किया है कि और पेनड्राइव में ऐसे वीडियोज और फोटोज थे, जो कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं के पास भी पहुंचे थे। बीजेपी नेता का कहना है कि ऐसा लगता है कि वीडियो में प्रज्वल रेवन्ना है क्योंकि वह वीडियो के कुछ हिस्सों में नजर आया है। ऐसा लगता है कि वह अपराधी है, इसलिए मैं उसे तत्काल पार्टी से बाहर करने की मांग कर रहा हूं। वहीं इस मामले में कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष नागलक्ष्मी चौधरी ने कहा कि एसआईटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है और टीम को बहुत कुशल अधिकारी मिले हैं। इसलिए मेरी चिंता पीड़ितों के लिए हैं।

# लेपर्ड ने किया महिला को गंभीर रूप से घायल



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। बकरियां चरा रही महिला पर घात लगाकर बैठे लेपर्ड ने हमला कर दिया। महिला ने शोर मचाया तो पास ही काम कर रही नरेगा के श्रमिकों ने आकर उसे बचाया। घटना उदयपुर जिले के मावली क्षेत्र के नउवा के राजस्व गांव मारूवास की है। मारूवास निवासी हेमी बाई गमेती (60) प्रतिदिन की तरह बकरियां चराने गांव के पास ही अपने खेत में गई हुई थी। वहां पर सुबह करीब दस बजे लेपर्ड ने उन पर हमला कर दिया। हेमीबाई के चिल्लाने की आवाज सुनकर पास ही मनरेगा का कार्य करने वाले मजदूर दौड़ पड़े और शोर मचाते हुए लेपर्ड के चंगुल से महिला को छुड़ाया और लेपर्ड भाग गया। बाद में महिला का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। मारूवास निवासी भीम सिंह सिसोदिया ने बताया की नउवा ग्राम पंचायत के सभी गांव इसमें मारूवास भी अरावली की पहाड़ियों से घिरे हुए हैं। कुछ दिनों पहले ही लकड़ियां लेने गई महिला पर भी लेपर्ड ने हमला कर दिया था जिसमें महिला की मौत हो गई थी। साथ ही रायजी का गुड़ा और लाडियों का खेड़ा में भी ग्रामीणों में लेपर्ड ने हमला कर दिया था जिससे ग्रामीण घायल हो गए थे। ग्रामीणों ने बताया कि नउवा में अरावली की पहाड़ियों में युद्ध स्तर पर अवैध खनन का कार्य होता है वहां ब्लास्टिंग का कार्य भी होता है जिससे कई बार लेपर्ड आबादी क्षेत्र में आकर ग्रामीणों पर हमला कर देता है।

# बस स्टैंड पर 3 महिलाओं के गहने गायबःबस में चढ़ते समय हुई वारदात, सीट पर बैठने के बाद चला पता



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

चित्तौड़गढ़.चित्तौड़गढ़ में रविवार देर शाम को रोडवेज बस स्टैंड पर 3 महिलाओं के गले से सोने के गहने चुरा लिए गए। बस में चढ़ने के दौरान किसी ने महिलाओं के गले से ये गहने पार कर लिए। बस में चढ़ने के बाद महिलाओं को इसकी जानकारी हुई। तीनों महिलाएं वापस बस से नीचे आई और बस स्टैंड के सामने कोतवाली थाने पहुंची। यहां रात को तीनों ने रिपोर्ट दर्ज कराई।

## तीनों ही बस का कर रही थी इंतजार

उदयपुर-भीलवाड़ा जाने के लिए बस का इंतजार कर रही 3 महिलाओं के गले से किसी ने सोने के गहने चुरा लिए। चित्तौड़गढ़ रोडवेज बस स्टैंड पर 3 महिलाएं भीलवाड़ा निवासी मंजू पत्नी मुकेश कुमार शर्मा, रेखा पत्नी शिवकुमार गारू, गंगरार निवासी विद्या पत्नी ऋषभ व्यास अपने-अपने घर जाने के लिए इंतजार कर रही थी। मंजू और विद्या दोनों रिश्तेदार है। मंजू अपने ससुराल से चित्तौड़गढ़ के धनेत गांव मायके में भतीजे के मुंडन प्रोग्राम में आई थी। विद्या भी गंगरार से धनेत गांव आई हुई थी। वहीं, रेखा गारू भीलवाड़ा से चित्तौड़गढ़ भांजी की बेटी के जन्मदिन के प्रोग्राम में आई हुई थी। तीनों भीलवाड़ा जाने वाली बस में बैठने वाली थी। बस में चढ़ते समय भीड़भाड़ में किसी ने मंजू की 2 तौले और रेखा की 5 तौले के सोने का मंगलसूत्र, विद्या के 2 तौले के सोने की चेन चुरा लिए। लेकिन तीनों को इस इस बात की जानकारी नहीं हुई।

# नाबालिग छात्रा ने पेड़ से फंदा लगाकर किया सुसाइड



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर. सदर थाना क्षेत्र के देवल फला घोगरा गांव में 9वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने घर के पास आम के पेड़ से फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के देवल फला घोगरा गांव निवासी शर्मिष्ठा (14) पुत्री रमेश चन्द्र ने हाल ही कक्षा 9 की परीक्षा दी थी। रविवार रात को शर्मिष्ठा ने परिवार के लोगों के साथ खाना खाया था और सोने चली गई थी। सोमवार सुबह जब घर वाले उठे तो अपने बिस्तर में नहीं थी। परिजनों ने उसकी तलाश की तो उसका शव घर से 100 मीटर की दूरी पर एक आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

# राजस्थान में दूसरे चरण पर आया फलौदी सट्टा बाजार का रूझान, बाड़मेर में कांग्रेस, बांसवाड़ा-उदयपुर में भाजपा की बता रहा जीत

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

रिपोर्ट : सुशील जैन




24 न्यूज अपडेट उदयपुर। राजस्थान में दूसरे चरण के मतदान के साथ ही सभी 25 सीटों पर चुनाव हो चुके हैं। अब बचा है तो बस कयासों, चर्चाओं और चुनावी चकल्लस का गर्मागर्म बाजार। हर तरफ जीत के दावे हैं तो हारने के तर्क भी। नतीजे भले ही 4 जून तक प्रतीक्षा करवा रहे हों मगर सट्टा बाजार किसी के लिए नहीं रूकता। यहां सबको भाव मिलता है जिसे सुनकर कइयों के भाव आ जाते हैं। खास तौर पर जब फलौदी का सट्टा बाजार बोल रहा हो तो फिर कान लगाकर सुनने या टकटकी लगाकर देखने का मन करता है। चुनावों से पहले व बाद के प्रिडिक्शन में इस बाजार ने भी काफी गोते लगाए हैं। भाव बदले हैं। जनता की अदालत में जिन सीटों की चर्चा है उसके उलट चर्चा फलौदी बाजार कर रहा है। हमने संकल किया है दूसरे चरण की 13 सीटों का जिन पर किसकी होगी जीत? क्या कहता है फलोदी सट्टा बाजार का गणित।

### बारमेड़-जैसलमेर में कांग्रेस का पलड़ा भारी

बाड़मेर - जैसलमेर सीट पर लोगों का अनुमान है कि कांग्रेस के उम्मेदाराम व निर्दलीय रविंद्र सिंह में कड़ी टक्कर है। लेकिन फलौदी बाजार में आंकड़े चौंकाने वाले हैं। कांग्रेस के उम्मीदवार उम्मेदाराम का भाव 90 पैसे तो निर्दलीय प्रत्याशी रविंद्र सिंह का भाव 1.25 रुपए चल रहा है। भाजपा के कैलाश चौधरी का भाव 3 रुपए है। यहां कांग्रेस का पलड़ा भारी है।

### जोधपुर में शेखावत की नैया हो रही पार

जोधपुर में भाजपा प्रत्याशी व केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की जीत तय बताई जा रही है। पहले इस सीट पर फलौदी बाजार को संशय था। इस सीट पर भाजपा का भाव 20- 25 पैसे है तो कांग्रेस का भाव 4 रुपए बताया जा रहा है। भाजपा के शेखावत उचियारड़ा पर भारी पड़ रहे हैं।

### जालोर-सिरोही में वैभव पीछे

जालोर से पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत चुनाव मैदान में है और जनता यहां पर कड़ी टक्कर की बात कर रही है मगर फलौदी सट्टा बाजार के अनुसार भाजपा के लुंबाराम चौधरी का भाव 30-35 पैसे है और कांग्रेस के वैभव गहलोत का भाव 2.50 रुपए है। वैभव लुंबाराम से पीछे चल रहे हैं।

### पाली लोकसभा सीट पर चौधरी आगे

पाली लोकसभा सीट पर भाजपा के पीपी चौधरी आगे बताए जा रहे हैं। फलौदी सट्टा बाजार में 35-40 के भाव के पीपी चौधरी के हैं और कांग्रेस की संगीता बेनीवाल का भाव 3 रुपए है.

### राजसमंद में महिमा कुमारी आगे

राजसमंद सीट पर भाजपा व कांग्रेस में करीबी मुकाबला भी है लेकिन सट्टा बाजार के अनुसार भाजपा की महिमा कुमारी 70-80 पैसे के भाव के साथ जीत रही है और कांग्रेस के दामोदर प्रसाद गुर्जर का भाव 1.20 रुपए है।

### अजमेर में भी भाजपा आगे

अजमेर में भी कमल खिलता दिखाई दे रहा है। भागीरथ चौधरी का 70-75 पैसे के भाव है. वही कांग्रेस के रामचंद्र चौधरी का 1.50 रुपए के भाव तक जा रहा है।

### भीलवाड़ा में डॉ. सीपी जोशी पीछे

भीलवाड़ा सीट पर भाजपा व कांग्रेस में नजदीकी मुकाबला है मगर भाजपा के दामोदर अग्रवाल आगे हैं अग्रवाल का भाव 80-90 पैसे है.वही कांग्रेस से सीपी जोशी का भाव 1.10 रुपए है।

### चित्तौडगढ़ में सीपी जीत रहे हैं

चित्तौडगढ़ से भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी आगे है व उनकी कंफर्टेबल जीत जीत बताई जा रही है। सीपी जोशी का भाव 40-50 पैसे है.वही कांग्रेस के उदय-लाल आंजना 1.50 रुपए है।

### उदयपुर में रावत का परचम

उदयपुर सीट भाजपा के मन्नालाल रावत की जीत का परचम तय है। रावत का भाव 60-70 पैसे आया है तो पूर्व जिला कलेक्टर कांग्रेस के ताराचंद मीना 1.75 रुपए के भाव पर पहुंचे हैं।

### बांसवाड़ा में मालवीया जीत के करीब

भाजपा का दामन थामने वाले महेंद्रजीत सिंह मालवीया बांसवाड़ा में जीत के करीब हैं। फलौदी सट्टा बाजार के अनुसार 80-90 का भाव चल रहा है तो कांग्रेस समर्थित बाप प्रत्याशी राजकुमार रोत 1.15 रुपए के भाव पर हैं।

### टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर कंफ्यूजन

टोंक-सवाई माधोपुर सीट पर भाजपा व कांग्रेस में कांटे की टककर आ रही है। यहां पर भाजपा के हरीश मीणा व कांग्रेस के सुखबीर जौनपुरिया दोनो के ही भाव 1 रुपया पर है।

### कोटा में ओम बिड़ला जीत रहे हैं

कोटा लोकसभा सीट पर लोकसभा अध्यक्ष भाजपा के ओम बिड़ला की जीत पक्की बताई जा रही है। ओम बिरला का भाव 40-45 पैसे आ रहा है तो कांग्रेस के प्रहलाद गुंजन का भाव 1.60 रुपए आ रहा है।

### वसुंधरा पुत्र के सिर पर फिर सजेगा ताज

झालावाड़-बारां सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के पुत्र दुष्यन्त सिंह भाजपा के प्रत्याशी हैं और सत्ता बाजार उनकी जीत तय बता रहा है। दुष्यन्त की एक तरफा रहेगी। दुष्यंत का भाव 5-10 पैसे जा रहा है तो कांग्रेस की उर्मिला जैन भाया का भाव10 रुपए आया है।

## सड़क किनारे मृत अवस्था मे मिला वयस्क पैंथर, वाहन की टक्कर से मौत की जताई आशंका



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

सेमारी थाना क्षेत्र के नलाफ़ला घोडासर रोड पर एक वयस्क पैंथर मृत अवस्था में मिला। जानकारी अनुसार आज रविवार सुबह दूरभाष द्वारा वन विभाग को सूचना मिली कि नलाफला घोडामर रोड़ पर एक पैंथर मृत पड़ा हुआ है सूचना पर वनपाल नाका टोकर से करण सिंह राठौड़ वनपाल, जितेंद्र सिंह घटना स्थल पर पहुँचे बाद मौके पर देखा कि टोकर से सलूम्बर रोड के दायीं ओर किनारे पर एक वयस्क पैंथर मृत पड़ा हुआ पाया गया। मौके यर नर पैंथर के सिर एवं पीछे की तरफ टक्कर अज्ञात वाहन से लगी होना प्रतीत हुआ। पैंथर के दायीं ओर पेट पर चोट के निशान व पिछले हिस्से में खून निकले होने से वन विभाग की टीम ने प्रथम दृष्टया पैंथर की मौत किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से होने का अंदेशा जता रही हैं। इधर पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा। मृत पेंथर के सभी अंग (इन्टेक्ट) के साथ मौजूद (सुरक्षित) पाये गये। उक्त मौका पंचनामा उपस्थित मौतबिरों की मौजूदगी बनाया गया। पोस्टमार्टम के बाद पैंथर के शव का अंतिम संस्कार किया गया।



## ओड बस्ती में खाली भूखंड में लगी भीषण आग, दमकल ने पाया आग पर काबू




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उदयपुर शहर की सज्जन नगर ओड बस्ती में आज एक खाली पडे भूखंड में आग लग गई। बताया गया कि इस भूखंड पर मोहल्ले के लोग ही कचरा डालते थे। इस कचरे ने आज अचानक आग पकड़ ली। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर दमकल मौके पर पहुंची और पानी की बौछार करते हुए आग पर काबू पाया। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कचरे में लगी आग से खाली पड़े भूखंड में लगे कई हरे पेड़ भी आग की जद में आ गए। आपको बता दें कि शहर के लगभग हर क्षेत्र में खाली पड़े भूखंड सार्वजनिक कचरा पात्र बन गए हैं। कई भूखंडों में तो कचरे के पहाड़ जमा हो गए हैं जहां कभी भी आग लग सकती है व बडा नुकसा नहो सकता है।

# प्रवासी वोटरों को रिझाने राजस्थान से रवाना हुए 'पॉलिटिकल पंछिड़े'



24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। राजस्थान में लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण खत्म होते ही यहां की फिजां ही बद गई है। चुनाव में दिन रात गली-गली दिखने वाले नेता अब प्रवासी वोटरों को लुभाने के लिए पंछी बन अलग-अलग राज्यों की पॉलिटिकल उड़ान भरते नजर आ रहे हैं। पक्ष और विपक्ष के नेता राजस्थान से नदारद हैं। कोई साउथ में मारवाडियों को साधने में लगा है तो कोई बंगाल में डेरा डाले हुए। दोनों प्रमुख दलों के आलाकमान ने वोटों की फसल पकाने का जिम्मा दे दिया है। आपको बता दें कि प्रवासियों के वोटर कई जगह पर निर्णायक हैं और उनका अपनी जड़ों से भी गहरा लगाव है। ऐसे में जब उनके बीच कोई राजस्थान का पॉपुलर नेता वोट मांगने आता है तो माहौल ही बदल जाता है। राजस्थान के भाजपा के नेताओं में सीएम, डिप्टी सीएम के दौरे शुरू हो गए हैं। सीएम भजनलाल शर्मा बंगाल और झारखंड के दौरे पर जाएंगे; इसके अलावाकेबिनेट मंत्री और अन्य प्रदेश स्तरीय नेताओं के दौरे भी होने जा रहे हैं। इन सबके पास राजस्थानियों को बीजेपी के पक्ष में करने का टास्क है। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में राजस्थानियों की बहुत बडी तादाद है। इससे भी बडी बात ये है कि बिजनेस में उनका अच्छा दखल होने से वे वहां के वोटों के गणित को भी प्रभावित करते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज कोलकाता रवाना हुए हैं। श्रीरामपुरा लोकसभा सीट पर नामांकन सभा और रोड शो में शामिल होने का कार्यक्रम है। मारवाड़ी समाज और उद्योगपतियों के सम्मेलन में भी शामिल होंगे। कल सीएम धनबाद में जनसभा व प्रबुद्धजन सम्मेलन व संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद रांची में मारवाड़ी धर्मशाला में उनका कार्यक्रम है। बुधवार को हजारीबाग में जनसभा और नामांकन में शामिल हो रहे है। इधर, गजेंद्र सिंह शेखावत पंजाब के चंडीगढ में प्रचार के लिए गए हैं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, प्रभुलाल सैनी सहित कई नेता तेलंगाना में डेरा डाले हुए हैं क्योंकि वहां भी राजस्थानी बडी संख्या में बसे हैं। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, कैलाश चौधरी, मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ का भी प्रवास कार्यक्रम बनने वाला है। कांग्रेस नेताओं को देखें तो पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की काफी डिमांड है व वे पॉपुलर भी हैं। इसके अलावा जितेन्द्र सिंह, सीपी जोशी, अशोक चांदना भी प्रवास के दौरों कार्यक्रम बना रहे हैं।

24 न्यूज अपटेड
देश-दुनिया राज्यों एवं स्थानीय खबरें को देखने के लिए
हिन्दी समाचार पत्र एवं न्यूज़ चैनल
ताजा खबरें देखने के लिए
हमारे यूट्यूब चैनल को सबस्क्राइब करें
YouTube
24 NEWS UPDATE
हमारे फेसबुक पेज को फॉलो करें
लिंक पर क्लिक करें और हमारे चैनल को लाइक और सब्सक्राइब करें

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।